छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

"हितवाद परिसर" अवंति विहार, तेलीबांधा, मुख्यालय रायपुर

जोन–बी

(बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के जिले हेतु)

ISI मार्क आयोडीनयुक्त रिफाईन्ड अमृत नमक प्रदाय हेतु

ऑनलाइन निविदा दस्तावेज

वर्ष **2015–16& 2016-17**

निविदा दिनांक 02.09.2015

STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

"हितवाद परिसर" अवंति विहार, तेलीबांधा, मुख्यालय रायपुर

जोन–ए हेतु ISI मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड अमृत नमक क्रय हेतु ई–निविदा वर्ष 2015–16 & 2016–17

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थित निगम के प्रदाय केन्द्रों (राज्य भंडार गृह निगम/केन्द्रीय भंडार गृह निगम के गोदाम) **जोन– बी (बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा, मुंगेली, रायगढ़, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा एवं सुरजपुर)** हेतु लगभग 52,000 मे0टन आईएसआई मार्क रिफाइंड आयोडीनयुक्त नमक आपूर्ति हेतु भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के उद्यम तथा प्रतिष्ठित निर्माताओं (जो निविदा की न्यूनतम अर्हता पूर्ण करते हों) से ई–निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु यह निविदा दस्तावेज ।

Key-Dates

Seq. No.	NAN	Bidder	Start		Expiry		Remarks
			Date	Time	Date	Time	
1	Release Tender	-	03.08.2015	11.00	03.08.2015	17.00	
2		Bid Download	03.08.2015	11.00	02.09.2015	16.00	
3		Submit Bid Hash on line Payment of bid submission fee	03.08.2015	11.00	02.09.2015	16.00	Envelope A and Envelope C
4	Close For Bidding (Super Hash)	-	02.09.2015	16.01	02.09.2015	17.00	Envelope A and Envelope C
5		Submit Bids on line (only with encryption by department pub. Key.)	02.09.2015	17.01	03.09.2015	12.00	Envelope A and Envelope C
6	Open Envelope A	-	03.09.2015	12.01	07.09.2015	14.00	Envelope A
7	Evaluation of Envelope A	-	03.09.2015	12.01	07.09.2015	14.00	
8	Open Price/financial bid Envelope C	-	07.09.2015	14.01	07.09.2015	17.00	Envelop 'C'
9	Evaluation of price Envelope C (and information to successful bidders in negotiation)	-	07.09.2015	14.01	07.09.2015	17.00	
10		Fill Negotiate Rates (if required)	--	--	--	--	
11	View Item rate Form	-	--	--	--	--	
12	Tender Award	-	07.09.2015	17.01	12.09.2015	17.00	

1. निविदा खोलने के लिये निर्धारित तारीख को यदि अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदा अवकाश के पश्चात् अगले कार्यकारी दिवस को खोली जायेगी लेकिन निविदा खोलने के उपरोक्त दर्शाये गये समय में परिवर्तन नहीं होगा।
2. यह निविदा फार्म अहस्तांतरणीय है ।
3. निविदा दिनांक **02.09.2015.** को दोपहर 4.00 बजे तक ऑनलाईन से जमा किया जाना है। निविदा जमा करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। निविदाकारों को यह सुझाव दिया जाता है कि निविदा जमा करने की ऑनलाईन निर्देश एवं प्रकिया का विधिवत् अध्ययन कर लें एवं अंतिम समय का इंतजार किए बिना पर्याप्त समय पूर्व, निर्धारित प्रकिया पूर्ण कर ऑनलाईन निविदा जमा किया जाना चाहिए ताकि अंतिम समय में सॉफ्टवेयर/कनेक्टीवीटी आदि में तकनीकी समस्या होने पर निविदा जमा करने में कठिनाई न हो। अंतिम समय में सॉफ्टवेयर/कनेक्टीवीटी आदि में तकनीकी समस्या आने के कारण ऑनलाईन निविदा जमा नहीं होने पर समयावृद्धि करने हेतु कोई दावा आपत्ति, अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा और ना ही मैन्युअल निविदा स्वीकार की जावेगी।
4. निविदा दस्तावेज की प्रति Online में ही प्रस्तुत की जावेगी एवं इसके हर पृष्ठ पर निविदाकार के सीलयुक्त हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
5. निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://nan.chips.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना होगा। निविदा फार्म के लिए राशि रू. 5000 (पांच हजार) प्रोसेसिंग फीस एवं रू. 4000 (चार हजार) बीड सबमिशन फीस कुल राशि रू. 9000 (नौ हजार) वेबसाईट https://nan.chips.gov.in में निर्धारित लिंक में चिप्स के एकाउन्ट में ऑनलाईन के माध्यम से जमा किया जाना होगा।
6. निविदा दस्तावेज जमा करने से पहले ही निविदाकार का चिप्स में पंजीयन हो तथा डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) उपलब्ध हो यह सुनिश्चित हो।
7. प्रमाणित किया जाता है कि इस निविदा फार्म में पृष्ठ 01 से 79 तक समाहित है। उपरोक्त समस्त निर्देश भी निविदा का भाग होगा।

निविदा फार्म जारी करने वाले
अधिकारी के हस्ताक्षर, नाम एवं पदमुद्रा

CG STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

//उद्बोधन//

प्रिय निविदाकार,

1. छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, कंपनी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम है। कार्पोरेशन द्वारा मुख्यतः जनोपयोगी कार्य किए जा रहे हैं जिनमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजनान्तर्गत खाद्यान्न, शक्कर नमक, चना उपलब्ध कराना तथा चावल, गेहूं तथा मोटे अनाजों का नियमानुसार उपार्जन करना सम्मिलित है।

2. कार्पोरेशन द्वारा प्रदेश को आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक के प्रदाय व्यवस्था के लिए दो जोन में विभक्त किया है। जोन–ए का विवरण परिशिष्ट क्र.–एक में है। कार्पोरेशन द्वारा इन जोन से संबंद्ध प्रदाय केन्द्रों के गोदामों में आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक के प्रदाय हेतु ऐसे नमक उत्पादनकर्ताओं जो निविदा में उल्लेखित न्यूनतम अर्हताएं पूर्ण करते हों, से निविदाएं आमंत्रित की हैं।

3. प्रत्येक जोन के लिए पृथक–पृथक निविदा फार्म पर ऑनलाईन क्रय कर, वांछित अमानत राशि निगम के खाते में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से जमा कर प्रस्तुत किया जा सकता है। जोनवार जिलों का विवरण इस प्रकार है –
जोन ए – रायपुर, दुर्ग बस्तर संभाग के लिए :
जोन बी – बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के लिए :

4. निविदाकार अगर एक से अधिक जोन के लिए निविदा प्रस्तुत करते हैं और दर स्वीकृति के उपरांत किसी एक जोन में बैक आउट होते हैं तो उस जोन की निविदा के साथ अन्य जोन में भी इसका प्रभाव पड़ेगा और आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

5. **कार्पोरेशन को प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड जोन–ए, तथा जोन–बी के क्रमानुसार खोली जावेगी।**

6. अतः निविदाकारों से अनुरोध है कि वे निविदा की समस्त शर्तो, प्रावधानों व संलग्न परिशिष्ट एवं दस्तावेजों का भली भांति अध्ययन कर, कार्पोरेशन के वृहद जन उपयोगी और व्यवसायिक कार्यों में सहभागिता के दृष्टिकोण से अपनी प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्रस्तुत करें।

प्रबंध संचालक

// निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न परिशिष्टों का विवरण //

01. निविदा दस्तावेज के साथ निम्नानुसार परिशिष्ट संलग्न हैं, समस्त परिशिष्ट निविदा दस्तावेज के अभिन्न अंग माने जाएंगे।

परिशिष्ट क्रमांक	परिशिष्ट का विवरण
परिशिष्ट – एक	आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय हेतु जोन–**बी** अंतर्गत आने वाले जिलों व प्रदाय केन्द्रों के नाम व अनुमानित आबंटन/प्रदाय योग्य मात्रा का विवरण।
परिशिष्ट – दो	निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण।
परिशिष्ट – तीन	अनुबंध पत्र का प्रारूप, जिस पर सफल निविदाकारों द्वारा राशि रू. 1000/– के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित किया जाएगा।
परिशिष्ट – चार	**फायर्नेशियल बिड का प्रारूप।**
परिशिष्ट – पांच	आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक की गुणवत्ता के स्पेसिफिकेशन, पैकिंग पाउच के स्पेसिफिकेशन एवं एच.डी.पी.ई. बोरे का स्पेसिफिकेशन।
परिशिष्ट – छः	आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का विगत दो वित्तीय वर्ष में वार्षिक टर्न ओव्हर को सी.ए. से प्रमाणित कराने हेतु निर्धारित प्रारूप।
परिशिष्ट – सात	BIS की पुस्तिका – IS 7224 : 2006, IS 14887:2006
परिशिष्ट– आठ	तकनीकी बिड संबंधी घोषणा पत्र (अन्डरटेकिंग) नोटराईज्ड
परिशिष्ट– नौ	फायर्नेशियल बिड संबंधी घोषणा पत्र (अन्डरटेकिंग) नोटराईज्ड
परिशिष्ट– दस	प्रतिभूति राशि वापसी हेतु शपथ पत्र (स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड)
परिशिष्ट– ग्यारह	तकनीकी बिड के लिफाफे में निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे दस्तावेज/शपथ पत्र की चैक लिस्ट।
परिशिष्ट– बारह	नमक क्रय संबंधी निविदाओं में सत्यनिष्ठा संधि लागू करने संबंधी घोषणा पत्र।
परिशिष्ट– तेरह	ई–निविदा संबंधी निर्देशिका।

02. समस्त निविदाकारों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त उल्लेखित समस्त परिशिष्टों का गहन अध्ययन करने के उपरांत निर्दिष्ट नियमानुसार तकनीकी बिड व फाइनेन्सियल बिड ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

03. निविदा दस्तावेज में परिशिष्ट–सात ए व बी परिशिष्ट– **तेरह** के बाद संलग्न है।

STATE CIVIL SUPPLIES CORPN. H.O. RAIPUR

01. निविदा कार्य अवधि –

आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय हेतु निविदाएं निर्धारित प्रदाय अवधि **निविदा स्वीकृत एवं अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष** तक के लिए आमंत्रित है परन्तु निगम अपनी आवश्यकता अनुसार आगामी 03 माह वृद्धि कर सकता है जो प्रदायकर्ता पर बंधनकारी होगा।

02. निविदा के उद्देश्य –

इस निविदा का मुख्य उद्देश्य कार्पोरेशन द्वारा आई.एस.आई. मार्क आयोडीहनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय हेतु, स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर, निर्धारित अवधि के लिए सक्षम व कुशल उत्पादनकर्ताओं की नियुक्ति करना है। सफल निविदाकार को अनुमोदित दरों पर इस निविदा में दी गई अवधि हेतु निर्धारित शर्तों पर अनुबंध करना होगा। जोन एवं जिलों के परिसीमन में शासन द्वारा परिवर्तन करने पर कार्य क्षेत्र मूल जोन एवं मूल जिला रहेगा तथा नये जिले बनने पर भी स्वीकृत दरों में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

03. कार्यक्षेत्र (Scope of Work) –

निविदाकार को निर्धारित स्पेसिफिकेशन का आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक कार्पोरेशन के परिशिष्ट क्र.–एक में दर्शाये अनुसार जोन–**बी** के अंतर्गत आने वाले जिलों से संबद्ध प्रदाय केन्द्रों के मुख्यालय/जिला प्रबंधक द्वारा निर्धारित गोदामों में पहुंचाकर देना होगा, इसमें सभी कार्य सम्मिलित हैं, जैसे उत्पादनकर्ताओं की निर्दिष्ट फैक्ट्री में आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का उत्पादन, टेस्टिंग, पैकिंग, रेल/रोड मार्ग से परिवहन व गोदाम में परिदान, छल्ली लगाना, हम्माली भुगतान आदि।

04. न्यूनतम अर्हताएं एवं अनिवार्य दस्तावेज विवरण –

क्र.	न्यूनतम अर्हताएं	क्र.	न्यूनतम अर्हताओं की पूर्ति हेतु साक्ष्य के रूप में तकनीकी बिड के साथ संलग्न किये जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज
	टेक्निकल बिड में सफल होने के लिए निविदाकार को निम्न अर्हताएं अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होगी।		अर्हता की पूर्ति हेतु साक्ष्य के रूप में सभी अनिवार्य दस्तावेजों के, प्रत्येक पृष्ठ को नोटरी से प्रमाणित कर, स्केन कर, ऑनलाइन तकनीकी बिड में अपलोड कर प्रस्तुत करना होंगे अन्यथा टेक्निकल बिड निरस्त की जायेगी।
4 A	फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जारी जीवित लायसेन्स (फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड एक्ट 2011 के अधीन) धारक हो।	4 A	फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जारी जीवित लायसेन्स (फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड एक्ट 2011 के अधीन) की प्रति।
4 B	भारतीय मानक ब्यूरो से आई.एस.आई. मार्क उपयोग हेतु प्रभावी वैध लाइसेन्स धारक होना चाहिए।	4 B	भारतीय मानक ब्यूरो से आई.एस.आई. मार्क उपयोग हेतु प्रभावी वैध लाइसेन्स की प्रति।
4 C	उद्योग विभाग से उद्योग पंजीयन का प्रमाण–पत्र होना चाहिए।	4 C	उद्योग विभाग से उद्योग पंजीयन का प्रमाण–पत्र की प्रति।
4 D	**जोन–बी** के लिए निविदा प्रस्तुति हेतु उत्पादक की आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक उत्पादन की वार्षिक क्षमता न्यूनतम 50,000 मे0टन (पचास हजार मे0टन) होना चाहिए।	4 D	नमक आयुक्त/उप नमक आयुक्त कार्यालय द्वारा उत्पादक के लिए जारी आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक उत्पादन की क्षमता से संबंधित प्रमाण पत्र की प्रति।

4 E	जोन–बी के लिए निविदा प्रस्तुति हेतु आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का विगत दो वित्तीय वर्ष में कोई भी एक वर्ष के लिए टर्न–ओवर न्यूनतम रू. 7.00 करोड़ (रू. सात करोड़ मात्र) प्रति जोन होना चाहिए।	4 E	आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का विगत दो वित्तीय वर्ष में कोई भी एक वर्ष के लिए टर्न–ओवर को संलग्न परिशिष्ट–छः अनुसार निर्धारित प्रारूप में सी.ए. से प्रमाणित कर प्रस्तुत करना होगा।
4 FA	इन्कमटेक्स पेयी होना चाहिए।	4 FA	इन्कमटेक्स विभाग द्वारा जारी PAN NUMBER
4 FB	आयकर विवरणी प्रस्तुत की गई हो।	4 FB	वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में से अंतिमतः दाखिल एक वित्तीय वर्ष की आयकर विवरणी।
4 G	बैंक साल्वेन्सी प्रमाण पत्र होना चाहिए।	4 G	अद्यतन प्रचलित बैंक सोलवेन्सी प्रमाण पत्र की नोटराईज्ड प्रति।
4 H	आयोडीनयुक्त रिफाईन्ड नमक प्रदाय का विगत 5 वित्तीय वर्ष में कम से कम दो वित्तीय वर्ष का अनुभव होना चाहिए जिसमें से एक वित्तीय वर्ष में एक ही संस्था को न्यूनतम 10,000 मे0टन आयोडीनयुक्त रिफाईन्ड नमक शासन/शासकीय संस्था/ अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान को प्रदाय का अनुभव होना चाहिए।	4 HA	आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय करने का 2 वित्तीय वर्ष के अनुभव का प्रमाण। संबंधित संस्था द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र।
		4 HB	एक वित्तीय वर्ष में एक ही संस्था को न्यूनतम 10,000 मे0टन आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय का प्रमाण। संबंधित संस्था द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र।
4 I	जोन–**बी हेतु अमानत राशि R.T.G.S. के माध्यम से ऑनलाईन जमा करना होगी।**	4 I	**राशि रू.20.00 (रू. बीस लाख मात्र) अमानत राशि R.T.G.S. के माध्यम से ऑनलाईन जमा कराने के प्रमाण के रूप में ई–रिसीप्ट स्केन कर अपलोड करना होगी।**
4 J	परिशिष्ट क्र. 05 व परिशिष्ट क्र. 07 अनुसार निर्धारित गुणवत्ता के नमक का प्रतिनिधि सेम्पल, बी.आई.एस. द्वारा अधिकृत टेस्टिंग लेब के प्रमाणन सहित निर्धारित समय पर कार्पोरेशन में जमा किया हो। **नोट–निविदाकार द्वारा एक या एक से अधिक जोन के लिए निविदा प्रस्तुत करने पर, उपरोक्तानुसार एक ही प्रतिनिधि सेम्पल, एवं टेस्टिंग रिपोर्ट अपेक्षित होगी।**	4 J	परिशिष्ट क्र. 05 व परिशिष्ट क्र. 07 अनुसार निर्धारित गुणवत्ता के नमक का प्रतिनिधि सेम्पल, बी.आई.एस. द्वारा अधिकृत टेस्टिंग लैब की टेस्टिंग रिपोर्ट की मूल प्रति के साथ कार्पोरेशन मुख्यालय में निविदा खुलने की दिनांक को निविदा खुलने के एक घंटा पूर्व तक जमा कराना होगा।

4 K	**पूर्ण पारदर्शी एक समान टेक्सचर का पॉलीस्टर पैक निर्दिष्ट स्पेशिफिकेशन परिशिष्ट–पांच अनुसार 60 माइक्रोन का सेम्पल सेन्ट्रल इन्स्टीट्यूट आफॅ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी की टेस्टिंग रिपोर्ट के साथ निर्धारित रूप से जमा किया हो।** नोट – निविदाकार द्वारा एक या एक से अधिक जोन के लिए निविदा प्रस्तुत करने पर, उपरोक्तानुसार एक ही प्रतिनिधि सेम्पल, एवं टेस्टिंग रिपोर्ट अपेक्षित होगी।	4 K	परिशिष्ट–पांच अनुसार पूर्ण पारदर्शी एक समान टेक्सचर की न्यूनतम 60 माइक्रोन की पॉलीस्टर फिल्म से निर्मित एक किलो की पैकिंग पाउच का प्रतिनिधि सेम्पल, सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी की टेस्टिंग रिपोर्ट के साथ निविदा खुलने की दिनांक को निविदा खुलने के एक घंटा पूर्व तक जमा कराना होगा।
4 L	**निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण प्रारूप परिशिष्ट–दो में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है।**	4 L	**निविदाकार का का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण प्रारूप परिशिष्ट–दो में पूर्ण विवरण सहित।**
4 M	निविदाकार की ओर से अधिकृत व्यक्ति द्वारा यदि निविदा भरी जाती है, तो मूल पावर ऑफ एटार्नी अथवा अधिकार पत्र धारक हो।	4 M	निविदाकार की ओर से अधिकृत व्यक्ति की राशि रू. 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर मूल पावर ऑफ एटार्नी अथवा राशि रू. 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर अधिकार पत्र।
4 N	पार्टनरशिप की स्थिति में पार्टनरशिप डीड पंजीकृत हो, कम्पनी की स्थिति में पंजीकृत कम्पनी हो, समिति की स्थिति में समिति पंजीकृत हो, तो निर्धारित प्रमाण पत्र।	4 N	निविदाकार को संस्था पंजीयन की स्वप्रमाणित प्रति, पार्टनरशिप की स्थिति में "पार्टनरशिपडीड", "कंपनी की स्थिति में पंजीयन की नोटराईज्ड प्रमाणित प्रति", समिति की स्थिति में Bye Laws एवं पंजीयन प्रमाण पत्र।
4 O	**तकनीकी बिड संबंधित घोषणा पत्र परिशिष्ट–आठ में नोटराईज्ड कराकर प्रस्तुत करना।**	4 O	**तकनीकी बिड संबंधित घोषणा पत्र परिशिष्ट–आठ अनुसार राशि रूपए 100/– (रू. एक सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कराकर।**
4 P	**फायनेंसियल बिड संबंधित घोषणा पत्र परिशिष्ट–नौ में नोटराईज्ड कराकर प्रस्तुत करना।**	4 P	**फायनेंसियल बिड संबंधित घोषणा पत्र परिशिष्ट–नौ अनुसार राशि रूपए 100/– (रू. एक सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कराकर।**
4 Q	निविदा दस्तावेज की प्रति जिसमें समस्त पृष्ठों पर निविदाकार के स्वप्रमाणित हस्ताक्षर एवं सील सहित हो प्रस्तुत करना।	4 Q	निविदा दस्तावेज की प्रति जिसमें समस्त पृष्ठों पर निविदाकार के स्वप्रमाणित हस्ताक्षर एवं सील सहित।

रिमार्क :–

(अ) **कंडिका 4 E के संबंध में व्याख्या** – आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का विगत दो वित्तीय वर्ष में कोई भी एक वर्ष में न्यूनतम रू.7.00 करोड़ प्रति जोन होना चाहिए। निविदाकार द्वारा एक या एक से अधिक जोन के लिए निविदा प्रस्तुत करने पर आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का टर्न ओव्हर आनुपातिक रूप से बढ़ा हुआ अपेक्षित रहेगा। तदनुसार निविदाकार को आनुपातिक रूप से बढ़े हुए टर्न ओव्हर को संलग्न परिशिष्ट क्र.–छः अनुसार निर्धारित प्रारूप में सी.ए. से प्रमाणित कराकर उसकी स्वप्रमाणित प्रति प्रत्येक जोन के लिए प्रस्तुत पृथक–पृथक निविदा में स्केन कर संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अर्थात यदि किसी निविदाकार द्वारा दोनों जोन ए, एवं बी के लिए पृथक–पृथक निविदा प्रस्तुत की जाती है तो आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का विगत दो वर्ष में कोई भी एक वर्ष वार्षिक टर्न ओव्हर न्यूनतम रू. 14.00 करोड़ (रूपए चौदह करोड़ मात्र) अपेक्षित होगा तथा निविदाकार द्वारा परिशिष्ट क्र.–छः अनुसार निर्धारित प्रारूप में सी.ए. से प्रमाणित कराये गये प्रमाण पत्र की प्रति दोनों निविदाओं में एक समान स्केन कर लगाई जाना होगी।

एक से अधिक जोन के लिए निविदा प्रस्तुत करने की स्थिति में, टर्न ओव्हर को प्रमाणित करने वाले उक्त प्रमाण पत्र में आनुपातिक रूप से वांछित टर्न ओव्हर कम पाया जाता है तो जोन–ए, तथा जोन–बी के दोनों निविदा अमान्य कर दिया जावेगा।

(ब) **कंडिका 4 D के संबंध में व्याख्या** – एक जोन के लिए निविदा प्रस्तुति हेतु आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक उत्पादन की क्षमता न्यूनतम 50,000 मे0टन होना चाहिए। निविदाकार द्वारा एक या एक से अधिक जोन के लिए निविदा प्रस्तुत करने पर आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक उत्पादन की वार्षिक न्यूनतम क्षमता आनुपातिक रूप से बढ़ी हुई अपेक्षित रहेगी।

एक या एक से अधिक जोन के लिए निविदा प्रस्तुत करने की स्थिति में तदनुसार नमक आयुक्त/उप नमक आयुक्त कार्यालय द्वारा आनुपातिक रूप से वांछित आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक उत्पादन की वार्षिक न्यूनतम क्षमता से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। इस प्रमाण पत्र की प्रति स्केन कर प्रत्येक जोन के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। (स्वप्रमाणित प्रति)

5. **परिभाषाएं :–**

5.1 **आयोडीनयुक्त नमक** – इसका तात्पर्य प्रदाय किया जाने वाला नमक भारतीय मानक IS 7224:2006 के अंतर्गत होना अनिवार्य है। प्रदाय किया जाने वाला नमक आई.एस.आई. मार्का का होना आवश्यक है। इस दस्तावेज में आयोडीनयुक्त नमक से आशय आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक आई.एस.आई. मार्क से है जिसका विवरण परिशिष्ट–पांच व सात पर उल्लेखित है।

5.2 **निविदा दस्तावेज** – से अभिप्रेत है आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक के संदर्भ में निविदाकार द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर वेबसाइट http://nan.chips.gov.in से क्रय कर ऑनलाइन प्रस्तुति के लिए उपलब्ध सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज से है जिसमें सभी परिशिष्ट भी सम्मिलित हैं।

—0—

5.3 **संविदा** – से अभिप्रेत है अनुबंध और उसमें सम्मिलित है निविदा आमंत्रण, निविदा निर्देश, संविदा, उसके परिशिष्ट, निविदा की स्वीकृति तथा ऐसी सामान्य और विशेष शर्तें भी समाविष्ट है जो उसमें, जोड़ी जाए। आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक क्रय हेतु कार्पोरेशन एवं प्रदायकर्ता/निर्माता के बीच संविदा करार।

5.4 **प्रबंध संचालक** – इसका तात्पर्य छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर जिनके प्रशासकीय नियंत्रण में है व छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर के समस्त व्यवसायिक व प्रशासकीय कार्य जिनके अधीन संपादित होना है। इसमें प्रबंध संचालक द्वारा प्राधिकृत अन्य अधिकारी सम्मिलित रहेंगे।

5.5 **उत्पादनकर्ता या निर्माता** – से अभिप्रेत है कि उत्पादक ऐसे आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक निर्माता–उत्पादक कंपनी, जो नमक आयुक्त, भारत सरकार से पंजीकृत हो, जिसका पंजीयन जीवित हो। जिसने भारतीय मानक ब्यूरो से आई.एस.आई. मार्क उपयोग हेतु वैध लाईसेंस लिया हो।

5.6 **अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान** – से तात्पर्य ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान से है, जो समुचित व्यवसायिक गतिविधियों के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुज्ञप्ति धारक हो तथा जिसका वार्षिक टर्न ओव्हर एक वित्तीय वर्ष में लगभग रू. 7.00 करोड़ हो। इसमें मल्टीनेशनल कंपनी भी सम्मिलित है।

5.7 **कार्पोरेशन या निगम** – छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, जहां कहीं आया है, से अभिप्रेत है कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन स्थापित छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड है।

5.8 **प्रदाय केन्द्र** – से अभिप्रेत है, कार्पोरेशन के स्वामित्व अथवा आधिपत्य का गोदाम अथवा अन्य स्थल जिसमें भारतीय खाद्य निगम के बेस डिपो/उपार्जन केन्द्रों/राईस मिलों/शक्कर फैक्ट्रियों अथवा अन्य किसी भी शासकीय अथवा अशासकीय एजेन्सी से शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली अथवा अन्य समस्त योजनाओं अथवा कार्पोरेशन के स्वयं के व्यवसाय के संचालन हेतु खाद्यान्न/शक्कर/नमक/दलहन/तिलहन/धान/खाद्य तेल व अन्य जिन्स व अन्य सामग्री का भण्डारण एवं प्रदाय किया जाता हो।

5.9 **गोदाम** – से अभिप्रेत है, कार्पोरेशन के प्रदाय केन्द्रों से संबंधित गोदाम या उसके कब्जे में होने वाला कोई भी गोदाम।

5.10 **जिला प्रबंधक** – से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड में जिला स्तर पर कार्य करने वाला जिला प्रबंधक/प्रभारी जिला प्रबंधक जिसके प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में वे बेस डिपो/संग्रहण केन्द्र आते हैं, जिनके कार्य के लिए प्रदायकर्ता नियुक्त किया गया है।

5.11 **अनुमोदित दर** – से अभिप्रेत है वह दर या दरें, जिसे सक्षम प्राधिकारी या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जावेगा।

5.12 **प्रदायकर्ता** – से अभिप्रेत है इस निविदा के अन्तर्गत अनुबंधित निविदाकार जिन्होंने आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय हेतु कार्पोरेशन से अनुबंध किया है।

5.13 **वर्ष या वित्तीय वर्ष** – इस निविदा के अंतर्गत उल्लेखित शब्द वर्ष या वित्तीय वर्ष से अभिप्रेत है **निविदा स्वीकृत एवं अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष** तक के लिए **या अनुबंध में उल्लेखित अवधि।**

6 **निविदा दस्तावेज का ऑनलाईन क्रय** – निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्युमेन्ट) वेबसाइड http://nan.chips.gov.in पर निविदा दस्तावेज के लिए राशि रू. 5000/– (पांच हजार मात्र) निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं रू. 4000/– (चार हजार मात्र) बिड सब्मिशन फीस कुल 9000/– (नौ हजार मात्र) ऑनलाइन भुगतान कर क्रय की जा सकती है।

CO STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

7. ऑनलाइन निविदा कैसे प्रस्तुत करें –

7.1 कार्पोरेशन द्वारा आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक के प्रदाय के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई है। प्रत्येक जोन के लिए निविदा पृथक से क्रय की जाना, पृथक से अमानत राशि प्रस्तुत करना तथा पृथक निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत की जाना होगा।

7.2 ऑनलाइन निविदा दो बिड सिस्टम 1. तकनीकी बिड, 2. फाइनेनशियल बिड के आधार पर वेबसाइट http://nan.chips.gov.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगी।

7.3 निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रकिया आनलाइन भरने से संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टेलीफोन नं. 0771–4079400 पर सुबह 11.00 बजे से सांय 5.00 तक या raipur@nextenders.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

8. निविदा में संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन –

8.1 कारपोरेशन, निविदा की शर्तो में निविदा जमा करने हेतु नियत तिथि से 05 दिवस पूर्व तक संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन आदि कर सकता है । ऐसे सभी संशोधन, क्लेरिफिकेशन व पिरमार्जन निविदा दस्तावेज के अभिन्न अंग माने जायेंगे।

8.2 सभी संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन आदि वेबसाइट http://nan.chips.gov.in पर ही प्रदर्शित किये जावेंगे।

8.3 सभी निविदाकर्ताओं से अपेक्षा है, कि वे समय–समय पर वेबसाईट http://nan.chips.gov.in पर कार्पोरेशन द्वारा किये गये संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन आदि को भी देखते रहें। निविदाकार को उक्तानुसार संशोधनों आदि के कारण किसी भी प्रकार की त्रुटि, भ्रान्ति/शंका व वेबसाईट अपडेट रूप से न देखने के कारण असफलता/हानि या किसी प्रकार की क्षति होती है, तो कारपोरेशन उत्तरदायी नहीं होगा ।

9. निविदा में डिजीटल हस्ताक्षर –

ऑनलाइन निविदा निविदाकार या उसके सक्षम प्राधिकारी के डिजीटल हस्ताक्षर से प्रस्तुत होना चाहिए। निविदा में निविदाकार द्वारा उसका पूरा नाम, पूरा पता एवं हैसियत (जैसे– स्वामी/ भागीदार/ कंपनी सचिव/ प्रबंध संचालक/ मुख्तयार या संचालक अनिवार्यतः स्पष्ट करेंगे। निविदाकार की ओर से यदि अधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डिजीटल हस्ताक्षर से प्रस्तुत होती है तो इस संबंध में स्वप्रमाणित मूल पॉवर आफ एटार्नी दस्तावेज/अधिकार पत्र स्केन कर अपलोड कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । उक्त पावर ऑफ एटार्नी के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा । उक्त अधिकारिता प्रमाण के अभाव में तकनीकी बिड निरस्त कर दी जायेगी।

10. निविदा खोलने की प्रकिया –

निर्धारित स्थान पर निर्धारित दिनांक व समय पर ऑनलाइन टेक्नीकल बिड खोली जावेगी व उनका परीक्षण किया जावेगा। तकनीकी बिड में सफल निविदाकारों की घोषणा के पश्चात् सफल निविदाकारों की ऑनलाइन फाईनेन्सियल बिड निर्धारित दिनांक को खोली जायेगी। निविदा खोलते समय स्वयं निविदाकार या इनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं के व्यय पर उपस्थिति हो सकते हैं।

11. **प्रथम न्यूनतम निविदाकार का निर्धारण –**
प्रत्येक जोन में प्रथम न्यूनतम निविदाकार वह होगा जिसकी दरें जोन हेतु न्यूनतम होगी ।निगम को दर अधिक प्रतीत होने पर एल–1 निविदाकर्ता से निगोशियेशन किया जा सकेगा।

12. **प्रदाय हेतु अधिकतम जोन में निविदा प्रस्तुती –**
निविदाकार एक या एक से अधिक जोन के लिए निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते है ।

13. **अमानत राशि (अर्नेस्ट राशि)–**

13.1 **निविदाकार को इस निविदा के साथ तकनीकी बिड में, संलग्न परिशिष्ट क्रमांक–एक में उल्लेखित विवरण अनुसार, जोन–बी के लिए राशि रू.20.00 लाख (रू. बीस लाख मात्र) अमानत राशि R.T.G.S. के माध्यम से छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर के खाता क्रमांक–00000010822706427 IFSC code-SBIN0007237 न्यू शांति नगर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा करना अनिवार्य होगा।**

अमानत राशि प्रस्तुत करते समय, बैंकों द्वारा कमीशन एवं ट्रान्जेक्शन चार्जेस आदि के नाम पर वसूली जाने वाली राशि को जोड़ते हुए, निविदाकार अमानत राशि के रूप में ऑनलाइन इतनी राशि जमा करे कि कार्पोरेशन के खाते में स्थानांतरित राशि, वांछित अमानत राशि से कम न हो अन्यथा निविदा निरस्त की जावेगी।

13.2 **अस्वीकृत निविदाकारों की अमानत राशि निर्णय उपरांत नियमानुसार संबंधित निविदाकारों को वापस की जावेगी।**

13.3 निविदाकार द्वारा निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात उसे वापस लेने अथवा स्वीकृति के बाद दिये गये अवधि में अनुबंध न करने के फलस्वरूप प्रस्तुत अमानत राशि जब्त कर निविदाकार को आगामी एक वर्ष के लिए ब्लैक लिस्ट किया जावेगा।

14. **प्रतिभूति राशि (सिक्यूरिटी राशि)–**

14.1 सफल निविदाकार द्वारा अमानत राशि के रूप में जोन हेतु ऑनलाइन प्रस्तुत राशि रूपये 20.00 लाख (रू. बीस लाख) स्वमेव सिक्यूरिटी राशि में परिवर्तित हो जायेगी।

14.2 जोन–**बी** के लिए सफल निविदाकार को अनुबंध के समय उक्त बिंदु क्र. 14.1 के अतिरिक्त राशि रू. 90.00 लाख (रू. नब्बे लाख) किसी राष्ट्रीय बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/आर.टी.जी.एस./एफ.डी.आर./बैंक गारंटी के रूप में 18 माह के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि0 रायपुर के नाम से एवं रायपुर में देय जमा कर अनुबंध निष्पादित करना होगा।

14.3 कंडिका 14.1 व कंडिका 14.2 अनुसार सफल निविदाकार की जोन–**बी** हेतु सिक्यूरिटी राशि रू. 1.10 करोड़ (रू. एक करोड़ दस लाख) कार्पोरेशन में जमा रहेगी। जमा ई.एम.डी. एवं अमानत राशि पर निगम की ओर से कोई ब्याज देय नहीं होगा।

14.4. संविदा के समाप्त होने की स्थिति में भी कारपोरेशन देयताऐं, हानि एवं क्षति, प्रतिभूति की राशि से वसूल कर सकेगा ।

14.5 सफल निविदाकार को निर्धारित अवधि में नियमानुसार प्रतिभूति राशि जमा कर अनुबंध करना होगा।

14.6 निगम को देय बकाया राशि की वसूली छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता के नियमों एवं प्रावधान के तहत् भू–राजस्व बकाया की भांति की जावेगी।

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

15. निविदा की दर–

15.1 निर्धारित स्पेसिफिकेशन के आई. एस. आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक क्रय हेतु छत्तीसगढ़ को **परिशिष्ट–एक** में दर्शाये अनुसार जोन–ए, एवं जोन बी में विभाजित किया जाकर जोनवार दरें आमंत्रित की गयी हैं ।

15.2 इस निविदा दस्तावेज में जोन–**बी** के अंतर्गत 10 राजस्व जिलों के 49 प्रदाय केन्द्रो/गोदामों का विवरण संलग्न परिशिष्ट क्र.–एक में दर्शाये विवरण अनुसार निर्धारित है। इस परिशिष्ट में प्रत्येक जोन में राजस्व जिले और उससे संबद्ध प्रदाय केन्द्रों के साथ प्रति माह प्रदाय की जाने वाली नमक की मात्रा का संभावित विवरण भी अंकित किया गया है। आवश्यकतानुसार प्रदाय केन्द्रों में घट/बढ़ हो सकती है जो प्रदायकर्ता पर बंधनकारी होगा।

15.3 निविदाकार को जोन–**बी** के अंतर्गत आने वाले समस्त केन्द्रों व गोदामों पर आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक (एफ.ओ.आर.) पहुंचाकर देने हेतु दरें परिशिष्ट–चार में ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगी।

15.4 निविदा में प्रस्तुत दरें समस्त लदाई, उतराई, छल्ली लगाने एवं अन्य कोई व्यय (यदि हो तो) सहित होगी।

15.5 निविदाकार को स्वीकृत दरो के अतिरिक्त कारपोरेशन द्वारा अन्य किसी अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

15.6 निविदा में उल्लेखित दरें आई0एस0आई0 मार्क आयोडिनयुक्त रिफाइड नमक के वजन के लिए मानी जाएंगी व इसमें न तो बोरे आदि पैकिंग सामग्री का वजन जोड़ा जायेगा और न ही उसके भार के लिये अलग से व्यय देय होगा। भुगतान प्राप्त स्कंन्ध के शुद्ध वजन के आधार पर होगा।

15.7 आई.एस.आई.मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय अनुबंध की अवधि में प्रदाय से संबंधित किसी भी संघटक जैसे कच्चा माल, बिजली, परिवहन भाड़ा, श्रमिक, कर आदि की दरों में परिवर्तन के कारण स्वीकृत दर से अतिरिक्त राशि भुगतान नहीं की जावेगी ।

16. दरों में संशोधन/मुकरना/अनुबंध न करना –

निविदाकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव व दर संशोधन करता है या अपनी दर से मुकरता है या निर्धारित तिथि तक अनुबंध नहीं करता है, तो उस पर निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी :–

16.1. अर्नेस्ट मनी राजसात कर ली जायेगी।

16.2. जिस निविदा वर्ष की निविदा में अर्नेस्ट मनी राजसात हुई है उस वर्ष एवं आगामी 02 वर्ष तक निविदाकार, फर्म/फर्म के भागीदार/कंपनी को कारपोरेशन की किसी भी निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जायेगा।

17. निविदाकार की संरचना –

निविदाएं मात्र ऐसे नमक निर्माताओं /उत्पादनकर्ताओं से आमंत्रित की गयी है, जो यह घोषित करेंगे कि वह पूर्ण स्वामित्व प्राप्त संस्था है या पंजीकृत भागीदारी फर्म या निजी मर्यादित कंपनी या भारत में निर्गमित सार्वजनिक मर्यादित कंपनी है । निविदा में भागीदारी फर्म की संरचना, कंपनी के संचालकों के नाम स्पष्ट रूप से दर्शाना चाहिए। निविदाकार संविदा करने के लिये ऐसे व्यक्तियों को मनोनीत करेंगे, जिनके हाथों में संविदा के दौरान संविदा से संबंधित कार्य का नियंत्रण एवं सकिय प्रबंधन रहेगा। इन व्यक्तियों के नाम अधिकार पत्र, नाम, पता, प्रमाणित हस्ताक्षर एवं छायाचित्र वांछित मात्रा में निविदाकारों द्वारा कार्पोरेशन को संविदा के समय प्रस्तुत किये जावेंगे। ऐसे मनोनीत किये गये व्यक्तियों को यह समझा जावेगा कि उसे संविदा के संबंध में निविदाकार से विधिवत मुख्त्यारनामा प्राप्त है और उसके समस्त कार्य निविदाकार के लिये बाध्य होंगे।

18. **निविदाकार फर्म की स्थिति –**

18.1 निविदाकार संविदा की अवधि के दौरान कारपोरेशन की पूर्व अनुमति के बिना फर्म की संरचना में कोई परिवर्तन नहीं करेगा। निविदाकार अपने किसी साझेदार/संचालक की मृत्यु या त्यागपत्र की दशा में कारपोरेशन को तत्काल सूचित करेगा यदि फर्म की संरचना में भारतीय अधिनियम 1932 के अंतर्गत परिवर्तन फर्म की शर्तो के अनुसार अनिवार्य हो जाता है तो ऐसी दशा में ऐसे रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स एवं सोसायटीज, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपि तत्काल ऐसे परिवर्तन के सात दिन के भीतर कारपोरेशन को प्रस्तुत की जाना अनिवार्य होगा ।

18.2 जहां निविदाकार भागीदार फर्म है कारपोरेशन की पूर्व लिखित सहमति के बिना फर्म में नये भागीदार को शामिल नहीं किया जावेगा। नये भागीदार को शामिल होने की अनुमति उसके द्वारा यह लिखित वचन निष्पादित करने पर प्रदान की जावेगी कि यह संविदा को पूरा करेगा और ऐसा वचन देने के पूर्व संविदा के अधीन फर्म द्वारा किये गये समस्त दायित्व को वह स्वीकारता है।

18.3 संविदा के पूर्ण होने के पूर्व फर्म के किसी भी भागीदार की मृत्यु/सेवानिवृत्त होने पर कारपोरेशन अपनी इच्छा से संविदा को निरस्त कर सकता है तथा ऐसी दशा में फर्म को कारपोरेशन के विरूद्ध किसी भी प्रकार का क्षतिपूर्ति के दावे का अधिकार नहीं होगा। फर्म से किसी भागीदार के सेवानिवृत्त होने के बावजूद भी यदि संविदा समाप्त नहीं की जाती है तो उस भागीदार का संविदा के अंतर्गत फर्म के कार्यो के लिये उत्तरदायी होना तब तक जारी रहेगा, जब तक कि उसके द्वारा कारपोरेशन को पंजीकृत डाक से भागीदार अधिनियम की धारा–32 के अतंर्गत सार्वजनिक सूचना की प्रति नहीं भेजी जाती।

19. **संविदा के उददेश्य –**

संविदा के अधीन अनुबंधित निविदाकार (उत्पादनकर्ता) आई0एस0आई0 मार्क आयोडीन युक्त रिफाइन्ड नमक निर्दिष्ट स्थानों व समय पर प्रदाय करेंगे।

20. **संविदा के पक्षकार –**

संविदा के पक्षकार प्रथम न्यूनतम निविदाकार एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन है। संविदा पर स्वयं निविदाकार जिसने निविदा भरी हो या निविदाकार द्वारा जिसे कंडिका 17 के अनुक्रम में विधिक रूप से मुख्त्यारनामा देकर अधिकृत किया हो हस्ताक्षर करेगा। निविदाकार को मुख्त्यारनामों की मूल प्रति अनुबंध के समय कार्पोरेशन में जमा करना अनिवार्य है।

21. **संविदा की अवधि –**

21.1 संविदा की अवधि अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष तक रहेगी।

21.2. अनुबंध की अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात्, यदि कारपोरेशन चाहे, तो उसी अनुबंध की शर्तो एवं स्वीकृत दर पर कार्य कराने हेतु उसमें 03 माह की वृद्धि की जा सकेगी, जिसे मानने के लिये प्रदायकर्ता बाध्य रहेगा।

21.3. आगामी अवधि हेतु आमंत्रित खुली निविदा में यदि कारपोरेशन को युक्तिसंगत दर प्राप्त नहीं होती है, तो अनुबंध को बढ़ी हुई अवधि के पश्चात भी आपसी सहमति से उसी अनुबंध की शर्तो एवं स्वीकृत दर पर निविदा अवधि को अधिकतम 03 माह और बढ़ाया जा सकेगा।

21.4 क्रय की अन्य शर्तें छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 के अनुसार है।

22. **संविदा निष्पादित करना –**

22.1. प्रथम न्यूनतम निविदाकर को निर्देशानुसार (तीन से सात दिवस में) निर्धारित प्रतिभूति राशि जमा कर निर्धारित प्रारूप अनुसार रूपये 1000/– के मुद्रांक पत्र पर वांछित अनिवार्य अभिलेखों के साथ कारपोरेशन के कार्यालय में उपस्थित होकर अनुबंध निष्पादित करना आवश्यक होगा। साथ ही सत्य निष्ठा संधि लागू/स्वीकार करने का घोषणा पत्र देना होगा।

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

22.2. तकनीकी बिड में प्रस्तुत समस्त दस्तावेज जो ऑनलाइन स्केन कर प्रस्तुत किये गये थे उन समस्त दस्तावेजों के मूल दस्तावेज अनुबंध के समय सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा यह मानते हुए कि निविदाकार द्वारा निविदा शर्तो का पालन नहीं किया है उसके अनुबंध का अवसर समाप्त कर उनकी निविदा निरस्त की जाऐगी व कंडिका 16 अनुसार कार्यवाही की जायेगी ।

22.3 तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत समस्त स्व–प्रमाणित दस्तावेजों की मूल प्रतियॉ, मुख्यालय में सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रमाणन प्रश्चात् वापिस की जायेंगी। निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत नोटरी से प्रमाणित छायाप्रतियां अनुबंध के रूप में रिकार्ड में रखेंगे ।

22.4. सफल निविदाकार द्वारा निर्दिष्ट समयावधि में अनुबंध न करने पर, अनुबंध का अवसर समाप्त माना जायेगा व कंडिका 16 अनुसार कार्यवाही की जायेगी । उक्त स्थिति में कार्पोरेशन अन्य निविदाकार से न्यूनता के क्रम अनुसार, कारपोरेशन की स्वीकृत दरों पर अनुबंध हेतु पहल कर सकेगा।

23 **आई0एस0आई0 मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक क्रय की मात्रा –**

23.1 जोन–**बी** के लिए नमक की संभावित प्रति माह आवश्यकता लगभग 4,261.00 मे0टन होगी। जोन–ए के लिए प्रदाय केन्द्रवार सम्भावित आवश्यकता परिशिष्ट–एक में दी गई है। इस प्रकार निविदा अवधि (01 वर्ष) की संभावित आवश्यकता लगभग 52,000.00 मे0टन होगी। प्रति माह आवश्यकतानुसार लगभग 4300 मे0टन से 9500 मे0टन क्रय आदेश अथवा क्रय योग्य मात्रा दिये जा सकते है।

23.2 आबंटन में वृद्धि आदि के कारण उपरोक्त अनुमानित मासिक व निविदा अवधि की आवश्यकता की मात्रा से वास्तविक प्रदाय मात्रा में लगभग 25 प्रतिशत तक की वृद्धि भी की जा सकती है

23.3 संविदा की अवधि के दौरान किसी निश्चित मात्रा में के प्रदाय आदेश देने की गारण्टी नहीं दी जा सकती है । यदि क्रय आदेश अथवा क्रय योग्य मात्रा कम या अधिक रहती है तो प्रदायकर्ता का कोई भी दावा व आपत्ति मान्य योग्य नहीं होगी ।

23.4 आई.एस.आई.मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक का क्रय, शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित नीति निर्देशों के अनुसार किया जाएगा । शासन की नीति आदि परिवर्तित होने अथवा आदेश होने पर निविदा स्वीकृति के बाद भी क्रय रोका जा सकता है । इससे अगर नमक निर्माता को किसी भी स्वरूप/प्रकृति की कोई भी क्षति होती है तो उसकी जवाबदारी कार्पोरेशन की नहीं होगी।

24. **आदेश क्रियान्वयन –**

प्रदाय आदेश दिए जाने पर अनुबंधित प्रदायकर्ता द्वारा निगम से प्रथम आदेश प्राप्त होने पर **अधिकतम 30 दिन तक की समयावधि** में आई.एस.आई.मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय किया जाना होगा। आगामी कार्य आदेशों की समयावधि आई0एस0आई0 मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक की मांग के अनुरूप कारपोरेशन द्वारा तय की जावेगी, इसमें प्रदायकर्ता की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी ।

25. **वैकल्पिक व्यवस्था –**

25.1 **द्वितीय प्रदायकर्ता की नियुक्ति** – प्रथम दरदाता द्वारा निर्धारित समयावधि में आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय नहीं की जाती है अथवा प्रदाय में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो आम उपभोक्ताओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए निगम स्वीकृत दर अथवा प्रदायकर्ता के रिस्क एंड कास्ट पर अधिक दर पर निगम के निविदा में भाग लिये गये एल–2, एल–3 एवं अन्य निविदाकारों से न्यूनता के क्रम में प्रतिपूर्ति राशि जमा कराकर, राज्य शासन के उपक्रम/संयुक्त उपक्रम/भारत सरकार के उपक्रम/फर्म से नमक क्रय करने के लिए स्वतंत्र रहेगा एवं अतिरिक्त व्यय हुई राशि की वसूली अनुबंधित प्रदायकर्ता से की जाएगी।

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

25.2 **जोन के अन्दर प्रदाय की व्यवस्था** – आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय हेतु अनुबंधित प्रदायकर्ता द्वारा उसके जोन से संबध्द किसी प्रदाय केन्द्र पर प्रदाय आदेश अनुसार आई.एस. आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक की पूर्ति नही कर पाता हैं तो उस जोन से संबध्द अन्य किसी प्रदाय केन्द्र पर उपलब्ध अतिशेष स्टाक में से कमी वाले प्रदाय केन्द्र को आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक की पूर्ति की जावेगी। ऐसा करने में कारपोरेशन द्वारा किये गये परिवहन व्यय का कटोत्रा उस जोन के निविदाकार की देय राशिओं व जमा राशियों से किया जावेगा। साथ ही प्रदायकर्ता पर निर्धारित पेनाल्टी भी लगाई जाएगी।

25.3 **अन्य जोन से प्रदाय व्यवस्था** – यदि प्रदायकर्ता कारपोरेशन द्वारा जारी प्रदाय आदेश के अनुसार प्रदाय नही करता है तो कार्पोरेशन प्रदेश के अन्य जोन के लिये अनुबंधित प्रदायकर्ताओं द्वारा उनके जोन में प्रदाय किये गये आयोडीनयुक्त नमक को परिवहन कर असफल अनुबंध की जोन में पूर्ति कर सकेगा तथा इसमें हुये परिवहन व्यय तथा क्षति का कटोत्रा प्रथम न्यूनतम निविदाकार की देय राशिओं व जमा राशियों से कर सकेगा। साथ ही प्रदायकर्ता पर निर्धारित पेनाल्टी भी लगाई जाएगी।

25.4 **प्रदाय की समानान्तर व्यवस्था**–कार्पोरेशन द्वारा अनुबंधित प्रदायकर्त्ता के साथ अनुबंध के रहते हुए भी नमक प्रदाय हेतु ऐसे समानान्तर व्यवस्था कर सकता है जो नमक प्रदाय आदेश को निर्बाध और गतिपूर्ण पूर्ति करने के लिए आवश्यक है। इस बावत् अनुबंधित प्रदायकर्त्ता की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। यदि कार्पोरेशन चाहे तो किसी अन्य अनुबंधित नमक प्रदायकर्त्ता को पूर्ण अथवा आंशिक नमक प्रदाय के आदेश कर सकता है। इसमें नियुक्त अनुबंधित प्रदायकर्त्ता/ नमक निर्माता की कोई आपत्ति/क्षतिपूर्ति मान्य नहीं होगी ।

25.5 यदि अनुबंधित प्रदायकर्त्ता कार्पोरेशन के आदेश के अनुसार प्रदाय नहीं करता है तो निविदा में निहित अन्य प्रावधानों के अलावा वह संविदा को बिना रदद किए स्वतंत्र रूप से आयोडीनयुक्त नमक भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी उद्यम/संस्था से अनुबंधित प्रदायकर्ता की जोखिम एंव खर्चो पर, आयोडीनयुक्त नमक प्रदाय आदेश देने के 07 दिवस के बाद प्रगति संतोषजनक नहीं है तो एल–2 दरदाता से आनुपातिक तौर पर आयोडीनयुक्त नमक पूर्ति करा लें । इस स्थिति में कार्पोरेशन को हुई क्षति/हानि एंव खर्चो की पूर्ति हेतु स्वीकृत दर का 25 प्रतिशत या वास्तविक व्यय जो अधिक हो, अदा करने का समस्त उत्तरदायित्व अनुबंधित प्रदायकर्त्ता / निर्माता का होगा ।

26. <u>नमक की गुणवत्ता –</u>

26.1 प्रदाय किए जाने वाला नमक शुद्व, साफ, सफेद, रवेदार एवं नमी रहित BIS की पुस्तिका - IS 7224 : 2006 के अंतर्गत परिशिष्ट सात अनुसार निर्धारित मानक स्तर का होना चाहिए, जिसके लिए नमक प्रदाय के पूर्व नमक आयुक्त या उनके द्वारा अधिकृत सक्षम शासकीय प्राधिकारी से गुणवत्ता का प्रमाण पत्र एवं आई0एस0आई0 मार्क के उपयोग हेतु ब्यूरो आफ इंडियन स्टेन्र्डड में जमा कराई गई राशि का प्रमाणक प्रत्येक नमक के प्रत्येक देयक के साथ पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निगम के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि रेक/केन्द्रों पर प्राप्त नमक को अपने स्तर पर भी परीक्षण करावे। परीक्षण में निर्धारित मापदंड का नहीं पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

27. पेकिंग पाउच के स्पेसीफिकेशन व उस पर प्रिटिंग तथा एच.डी.पी.ई. बोरे का स्पेसिफिकेशन –

27.1 नमक 01 किलोग्राम के नेट वजन 60 माईक्रॉन के पालीस्टर पैक में 50–50 किलो की संख्या में नया एच.डी.पी.ई. बोरे में पैक कर प्रदाय किया जावेगा । एक किलोग्राम के पालीस्टर पर ब्रांडिंग का प्रारूप कार्पोरेशन द्वारा प्रदाय किया जावेगा ,जिसकी प्रिटिंग नमक प्रदायकर्ता कराएगा । **ब्रांडिग के प्रारूप पर प्रदायकर्ता के विवरण के साथ जोन का नाम अंकित करना भी अनिवार्य होगा।** नमक की आपूर्ति आवश्यकतानुसार 1 किलो के पालीस्टर पैक पर निर्धारित प्रारूप पर ब्राडिंग कर की जावेगी । नमक का पालीस्टर पैक पूर्ण ट्रांसपरेंट (पारदर्शी) होगा। नमक की ब्रांडिग कार्पोरेशन द्वारा निर्धारित मल्टीकलर में होगी। पॉलीस्टर फिल्म साफ एक समान टेक्सचर की, पारदर्शी मजबूत,बिना किसी प्रकार के छेद की न्यूनतम 60 माइक्रॉन स्तर की होगी । नमक की पैकिंग से संबंधित पालीस्टर पैक के प्रारूप नमूना कार्पोरेशन द्वारा दी गई डिजाईन में प्रिंट कराकर पैकिंग के पूर्व अनुमोदित कराना होगा व तत्पश्चात ही कार्पोरेशन से सहमति मिलने पर वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप ही उसकी छपाई

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

अच्छी किस्म की स्याही से प्रदायकर्ता के द्वारा कराई जावेगी । प्रदायकर्त्ता द्वारा अनुमोदित प्रारूप में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। कार्पोरेशन को यह अधिकार होगा कि प्रत्येक तीन माह में पैकिंग की डिजाइन को विभाग से मांग आने पर परिवर्तित, संशोधित, परिमार्जित किया जा सकता है।

27.2 घटिया किस्म की स्याही का उपयोग न किया जाए, अन्यथा निगम द्वारा पैनाल्टी स्वरूप रूपये 20/– प्रति मे.टन की दर से कटोत्रा किया जाएगा।

27.3 पॉलीस्टर फिल्म साफ एक समान टेक्सचर की, पारदर्शी मजबूत न्यूनतम 60 माइक्रॉन स्तर की नहीं पाये जाने पर ऐसी प्रदाय मात्रा पर राशि रूपये 10/– प्रति मे0टन प्रति माइकोन की शास्ति अधिरोपित कर देय राशियों से कटोत्रा किया जावेगा।

27.4. यदि प्रदाय किया गया आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त नमक एंव पैकिंग मटेरियल, छपाई की स्याही आदि उपयुक्त गुणवत्ता व मानक स्तर के नहीं पाए जाते हैं या डिजाईन में प्रयुक्त शाब्दिक सामग्री में कोई परिवर्तन होता है तो कार्पोरेशन भुगतान अस्वीकृत करेगा तथा निर्धारित पेनाल्टी लगायेगा। कार्पोरेशन अनुबंध एक पक्षीय रूप से समाप्त करने के बावत विचार कर सकता है किन्तु यदि दो बार इस प्रकार की त्रुटि होती है तो संविदा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी। अमानत व जमानत राशि राजसात व सिक्यूरिटी राशि वसूल कर सकेगा ।

27.5 प्रदायकर्त्ता को पॉलीस्टर पाउच पर ब्रान्ड के साथ निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन की अन्य योजनाओं से सम्बंधित विवरण जो उसे कारपोरेशन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा प्रत्येक 3 माह में निर्देश अनुरूप बदलना होगा। इस हेतु पृथक से कोई राशि देय नहीं होगी। समय पर इस विवरण को प्राप्त करने का उत्तरदायित्व भी प्रदायकर्त्ता का होगा।

27.6 50 किलो की नई एच.डी.पी.ई. बोरे की स्पेसिफिकेशन भारतीय मानक IS 14887 : 2006 के अंतर्गत पुस्तिका परिशिष्ट–सात बी अनुसार होना चाहिए।

27.7 50 किलो की नई एच.डी.पी.ई. बोरे की स्पेसिफिकेशन अनुसार नहीं पाये जाने पर ऐसी प्रदाय मात्रा पर राशि रूपए 10/– (रूपए दस मात्र) प्रति मे0टन का कटौत्रा किया जावेगा।

28 **प्रदाय स्कंध अमानक होने की स्थिति में –**

28.1 प्रदाय किए जाने वाला नमक शुद्व, साफ, सफेद, रवेदार एवं नमी रहित BIS की पुस्तिका - IS 7224 : 2006 के अंतर्गत परिशिष्ट सात में दिये गये निर्धारित मानक स्तर का नमक नहीं पाया जाता है तो ऐसा नमक स्कंध अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

28.2 अनुबंधित प्रदायकर्ता का दायित्व होगा कि आदेशित मात्रा में नमक निर्दिष्ट स्पेसीफिकेशन का निर्दिष्ट प्रदाय केन्द्र तक पूर्ण रूप से सुरक्षित स्थिति, साउड पैकिंग में उपलब्ध करावें । प्रदाय केन्द्र पर प्राप्त नमक की कटी–फटी थैलियों व खुले नमक को अस्वीकृत (rejected) किया जायेगा ।

28.3 प्रदाय केन्द्र के गोदाम पर अस्वीकृत नमक को प्रदायकर्ता को निगम द्वारा सूचित किये जाने की दिनांक से अधिकतम 15 दिवस में वापस अपने व्यय पर उठाना होगा । ऐसे अस्वीकृत नमक पर होने वाले समस्त प्रकार के व्यय/हर्जे खर्चे यथा भंडारण व्यय, लोडिंग/अनलोडिंग इत्यादि की प्रतिपूर्ति प्रदायकर्त्ता द्वारा कार्पोरेशन को की जानी होगी या स्वंय को व्यय वहन करना होगा। यदि प्रदायकर्त्ता ऐसे अस्वीकृत (rejected) नमक को उठाने में चूक करता है कार्पोरेशन को यह अधिकार होगा कि वह नीलामी अथवा अन्य तरीके से अस्वीकृत (rejected) नमक को निराकृत कर दें एवं इससे प्राप्त राशि स्वयं रख लेवे।

28.4 ऐसे अस्वीकृत नमक के विरूद्ध किसी भी राशिका भुगतान प्रदायकर्त्ता को नहीं किया जाएगा तथा यह मानते हुए कि निर्धारित मात्रा में प्रदाय नहीं किया गया है, प्रदायकर्ता पर कंडिका 16 एवं 32 के

अनुसार कार्यवाही की जायेगी। प्रदायकर्त्ता का यह दायित्व होगा कि वे कार्पोरेशन को ऐसी स्थिति में होने वाली समस्त हानियों की प्रतिपूर्ति करें। ऐसे नमक के निराकरण पर होने वाले समस्त व्यय हर्जे खर्चे की अंतर की राशि, प्रदायकर्त्ता के देयकों/बिलों से समायोजित कर ली जायेगी यदि अस्वीकृत नमक से कार्पोरेशन को काई आर्थिक लाभ होता है तो उस पर प्रदायकर्ता का कोई अधिकार नहीं होगा।

29. प्रदायकर्त्ता की जानकारी प्रेषण की व्यवस्था –

29.1 प्रदाय आदेश के विरूद्ध प्रतिदिन प्रदाय आई0एस0आई0 मार्क रिफाइन्ड आयोडीनयुक्त नमक की जानकारी कारपोरेशन के साफ्टवेयर में ऑनलाइन दर्ज करना होगी ।

29.2 अनुबंधित निविदाकार को उनके आबंटित जोन अर्न्तगत आने वाले जिलों में जिलेवार – प्रदाय केन्द्रवार आई.एस.आई मार्का आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय सम्बंधी जानकारी प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप में ई–मेल nanheadoffice@yahoo.in पर उपलब्ध कराना होगी ।

30. उत्पादन स्थल/फेक्ट्री का निरीक्षण –

30.1 उत्पादन आई0एस0आई0मार्क आयोडीन युक्त रिफाइन्ड नमक उत्पादन हेतु पंजीकृत फेक्टरी में निर्मित आई0एस0आई0मार्क स्पेसीफिकेशन का नमक प्रदाय करेगा ।

30.2 कार्पोरेशन के अधिकृत व्यक्ति/अधिकारी को प्रदायकर्त्ता /नमक निर्माता के कारखाने / गोदाम आदि स्थानों पर नमक की पिसाई, पैकिंग, किस्म, मात्रा आदि के निरीक्षण आदि का अधिकार होगा । निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की विसंगति/कमी पाई जाती, है तो आदेश निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित होगा ।

31. भुगतान बिल की प्रस्तुति –

31.1 अनुबंधित नमक प्रदायकर्ता/निर्माता द्वारा प्रदाय आदेश अनुरूप जिलों में निर्दिश गोदामों में आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय उपरांत भुगतान हेतु प्रस्तुत ऑनलाईन देयकों के साथ ऑनलाईन ट्रक चालान की पावती जिस पर प्रदाय केन्द्र प्रभारी के हस्ताक्षर एवं सील सहित, तौल पत्रक की मूल प्रति, गुणवत्ता का प्रमाणीकरण, डिप्टी सॉल्ट कमिश्नर/चल प्रयोगशाला के अधिकृत सर्वेयर की रिपोर्ट एवं प्राप्तकर्त्ता जिले से नमक प्राप्त की ऑनलाईन पावती (निर्धारित प्रारूप में) कार्पोरेशन में प्रस्तुत करेगा।

31.2 निगम को नियमों/पूर्तियों के अनुरूप प्राप्त आयोडीनयुक्त नमक से संबंधित देयकों का 80 प्रतिशत राशि का भुगतान, वांछित दस्तावेजों सहित देयक प्रस्तुत करने में, और शेष 20 प्रतिशत का भुगतान संबंधित जिला प्रबंधको से कार्पोरेशन को नमक प्राप्ति की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त होने व संतुष्ट होने के पश्चात् निगम द्वारा किया जाएगा ।

अनुबंधित निविदाकार को प्रत्येक प्रदाय कार्य आदेश का जोनवार आने वाले जिलेवार प्रदाय केन्द्रों/गोदामों में सुपुर्द नमक मात्रा की प्राप्ति रसीद के आधार पर अधिकतम दो बिल समस्त निर्धारित अनुलग्नकों सहित कार्पोरेशन में प्रस्तुत करने की जवाबदेही रहेगी। इसमें प्रदाय स्कंध की केन्द्रवार मूल पावती संलग्न करनी होगी।

31.3. वास्तविक रूप से कार्पोरेशन को प्रदाय किए गए नेट नमक के वजन/संख्या (साउण्ड बैग्स की)/उत्तम गुणवत्ता तथा निविदा में निर्धारित अन्य मापदण्ड तथा पेनाल्टी के आधार पर भुगतान होगा।

31.4. प्रदायकर्त्ता द्वारा जमा करायी गई किसी भी राशि पर तथा देयकों की लंबित राशि पर किसी प्रकार का ब्याज या/और अन्य कोई क्षति आदि देय नहीं होगा ।

32 अयोग्यताऐं

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION H.O. RAIPUR

32.1 प्रदायकर्त्ता की यह स्वंय की जिम्मेदारी होगी कि आई.एस.आई. मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक के निर्माण व प्रेषण करने हेतु समस्त जीवित तथा प्रचलित लायसेंस / परमिट, अन्य वैधानिक दस्तावेज/ अनुमति संविदा अवधि में उसको प्राप्त करना होगी व संबंधित व्यय की व्यवस्था भी स्वयं करेगा । इसमें कार्पोरेशन का कोई दायित्व नही होगा। तद्विषयक दस्तावेजों के अभाव में या गलत जानकारी प्रस्तुत करने से कोई विवाद उत्पन्न होता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रदायकर्त्ता की होगी। प्रचलित लायसेंस/परमिट आदि दस्तावेजों को समय रहते नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा, अन्यथा संविदा भंग करने का अधिकार कार्पोरेशन के पास सुरक्षित होगा ।

32.2. प्रदायकर्ता के द्वारा जानबूझकर प्रदाय में विलंब, नमक की अफरा–तफरी, अमानक स्तर के स्कंध प्रदाय व अन्य कपटपूर्ण आचरण करने पर उसके विरूद्ध अन्य कार्यवाहियों के अलावा उसे अनिवार्यतः कार्पोरेशन की काली सूची में दर्ज कर भविष्य में कार्पोरेशन की निविदाओं में किसी भी हैसियत से भाग लेने हेतु 05 वर्षो तक के लिये अनुपयुक्त/अयोग्य घोषित किया जावेगा। काली सूचीबद्ध होने पर प्रदायकर्ता के कार्पोरेशन के साथ सभी प्रचलित अनुबंध निरस्त हो जायेंगे व जमा प्रतिभूति राशि राजसात होगी। प्रदायकर्ता से समस्त वसूली योग्य राशि वसूली जायेंगी। इस कंडिका के तहत काली सूचीबद्ध किये जाने के अधिकार प्रबंध संचालक को होंगे।

32.3. प्रदायकर्ता या उससे संबंधित उसके पार्टनर/विजनेस एसोसिएट/स्टाफ/मजदूर के विषय में कार्पोरेशन को यह विश्वास होने पर कि उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा/आचरण संदिग्ध है, तब कार्पोरेशन की सर्वोच्च छवि एवं हितों के लिए ऐसे प्रदायकर्ता को उसी समय कार्पोरेशन से संबंद्ध समस्त कार्यवाहियों के लिए अयोग्य घोषित कर प्रचलित प्रक्रिया से/संविदा से हटा देगा। प्रदायकर्ता के इस कृत्य के कारण कार्पोरेशन की प्रतिष्ठा, छवि, कार्यकुशलता पर आये विपरीत प्रभाव की वसूली प्रदायकर्ता से की जायेगी।

32.4 प्रदायकर्ता द्वारा असत्य, छलपूर्ण या त्रूटिपूर्ण जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत करने, संविदा के नियम, निर्देश, शर्त का उल्लंघन करने पर अनुबंध समाप्त किया जायेगा और अनुबंध की शेष अवधि के लिए प्रदायकर्ता की जोखिम एवं खर्च पर कार्य करवाया जाकर राशि वसूली जायेगीं।

32.5 **भारत/राज्य शासन या उनके उपक्रमों द्वारा नमक प्रदाय निविदा में, भाग लेने से प्रतिबंधित किये गये अथवा काली सूची में दर्ज किये गये नमक उत्पादनकर्ता, कार्पोरेशन की इस निविदा में भाग लेने हेतु अयोग्य माने जावेंगे।**

32.6 अनुबंधित प्रदायकर्ता, कार्पोरेशन द्वारा जारी प्रदाय आदेश के विरूद्ध निरंतर नमक प्रदाय में असफल रहता है तथा प्रदाय में विलम्ब के कारण निविदा की कंडिका 33.2 अनुसार अधिरोपित पेनाल्टी की राशि कुल प्रदाय किये गये नमक के मूल्य की राशि के 10 प्रतिशत से अधिक होती है तो उसे कार्पोरेशन की नमक क्रय की आगामी एक वित्तीय वर्ष में आहूत निविदाओं में भाग लेने से अयोग्य घोषित किया जावेगा।

33. प्रदाय में बिलम्ब/डिफाल्ट आदि की स्थिति में पेनाल्टी/दाण्डिक कटौत्रा –

33.1 प्रदाय आदेश में वर्णित समस्त मात्रा निर्धारित समायावधि में दी गई प्रक्रियानुसार प्रदाय कर सुपुर्द करने की समस्त जवाबदेही अनुबंधित निविदाकार की होगी। प्रदाय आदेश के समय में कोई अभिवृद्धि नहीं की जायेगी।

33.2 अनुबंधित निविदाकार द्वारा प्रदाय आदेश में निर्धारित समयावधि में निर्दिष्ट मात्रा में नमक का प्रदाय नहींकर पाने की स्थिति में वैधता तिथ के उपरांत विलम्ब से प्रदाय की गई मात्रा पर निम्नानुसार पेनाल्टी/दाण्डिक कटौत्रा निविदाकारद्वारा प्रस्तुत बिलों/अन्य देय राशियों से किया जायेगा –

- प्रदाय आदेश के तहत निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित अवधि तक प्रदाय नहीं करने पर प्रदायकर्ता द्वारा दिये गये आवेदन के पश्चात प्रदाय अवधि 15 दिवस तक बढ़ाई जा सकती है। इस अवधि में

C.G. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION * H.O. RAIPUR

कोई पेनाल्टी नहीं काटी जायेगी। 15 दिवस से अधिक विलंब होने पर 2 प्रतिशत राशि की कटौत्री की जावेगी। इससे अधिक विलंब होने पर आनुपातिक रूप से विलंब की राशि कटौत्री की जावेगी। यह कार्यवाही भंडार क्रय अधिनियम 2002 के अनुसार ही की जावेगी।

34. **कार्पोरेशन को हानि प्रतिपूर्ति –**
प्रदायकर्त्ता द्वारा आई0एस0आई0मार्क आयोडीनयुक्त रिफाइन्ड नमक प्रदाय संबंधी निर्देशों का पालन न करने पर कार्पोरेशन प्रदायकर्त्ता/निविदादाता का अनुबंध समाप्त करने व सिक्यूरिटी राशि राजसात करने हेतु सक्षम है ।

35. **विवादों का निराकरण –**

